आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 19.06.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- केन्द्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री आज से द्वीपसमूह के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पीएम–किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त जारी करेंगे।
- 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर 21 जून को द्वीपसमूह के विभिन्न स्थानों पर सामूहिक योग प्रदर्शन किए जाएंगे।
- जनजातीय आजीविका विकास पहल के तहत, पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

<><><><><><><>

केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री, किरेन रिजिजू आज से 21 जून तक द्वीपसमूह के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। अपनी यात्रा के दौरान, केन्द्रीय मंत्री विभिन्न जनसंपर्क कार्यक्रमों में भाग लेंगे, विकासात्मक पहलों की समीक्षा करेंगे और नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप पर आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में शामिल होंगे। खराब मौसम की स्थिति में, मुख्य समारोह का स्थल गर्ल्स स्कूल के सभागार में कर दिया जाएगा। आज केन्द्रीय मंत्री दोपहर में बिडनाबाद में विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत मोदी सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालने वाली एक पुस्तिका सौंपेंगे। इसके बाद, वे पद्मश्री के. चेल्लम्माल के रंगाचांग स्थित जैविक नारियल फार्म का दौरा कर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत एक पौधा लगाएंगे। कल वे प्रगति पथ यात्रा के तहत पिछले 12 वर्षों के दौरान सरकार की पहलों के तहत शुरू की गई प्रमुख विकास परियोजनाओं का दौरा करेंगे। इस दौरे में फ्लैग प्वाइंट, गांधी पार्क और वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का नया टर्मिनल भवन शामिल होगा। इसके बाद, केन्द्रीय मंत्री मिन्नी बे में आयोजित होने वाले 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' में भाग लेंगे और शाम को होटल लेमन ट्री में आयोजित होने वाले 'अंडमान आइडियाज समिट 2026' में शामिल होंगे। 21 जून को, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत प्रधानमंत्री कल तारकेश्वर, हुगली, पश्चिम बंगाल से अप्रैल से जुलाई माह की अवधि के लिए पीएम–किसान की 23वीं किस्त पात्र लाभार्थियों को जारी करेंगे। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दोपहर 3 बजकर 45 मिनट से pmindiawebcast.nic.in के माध्यम से किया जाएगा। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के समन्वय से द्वीपसमूह में पीएम–किसान उत्सव दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान  कृषि विज्ञान केंद्रों, ब्लॉकों और ग्राम पंचायतों में किसानों, पंचायती राज संस्थाओं, प्राथमिक कृषि ऋण समितियों और क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को शामिल करते हुए विभिन्न कार्यक्रम और जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि भारत सरकार की एक प्रमुख केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसे फरवरी 2019 में पात्र किसान परिवारों को 'डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर' के माध्यम से उनके आधार–लिंक्ड और डीबीटी–सक्षम सक्रिय बैंक खातों में 6 हजार रूपये प्रति वर्ष की आय सहायता प्रदान करने के लिए शुरू किया गया था। इसके तहत अब तक, द्वीप समूह के किसानों को 22 किस्तों के माध्यम से 64.48 करोड़ से अधिक की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है।

<><><><><><><>

प्रशासनिक सुधार एवं प्रशिक्षण विंग ने क्षमता निर्माण आयोग, डीओपीटी, नई दिल्ली के सहयोग से कल टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में प्रशासन के अंतर्गत आने वाले विभागों के लिए iGOT-AI का उपयोग करके व्यापक क्षमता निर्माण योजनाएं तैयार करने पर कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य सरकारी अधिकारियों के बीच योग्यता के अंतर को पाटने के लिए क्षमता निर्माण योजनाएं विकसित करने के संबंध में सभी विभागों को संवेदनशील और जागरूक बनाना था। इस अवसर पर प्रशासनिक सुधार एवं प्रशिक्षण सचिव सतनाम सिंह ने निरंतर सीखने और क्षमता निर्माण के रणनीतिक महत्व पर जोर दिया।

<><><><><><><>

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर 21 जून को 'स्वस्थ आयु के लिए योग' विषय पर द्वीपसमूह के विभिन्न स्थानों पर सामूहिक योग प्रदर्शन किए जाएंगे। इस अवसर पर केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री, किरेन रिजिजू, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वीप पर आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे।

कार्यक्रम सुबह 6 बजकर 20 मिनट से 7 बजकर 50 मिनट तक चलेगा। इसके अलावा गर्ल्स स्कूल सभागार, फ्लैग प्वाइंट, नेताजी स्टेडियम के बहुउद्देशीय सभागार, जंगलीघाट स्थित खेतान कल्याण मंडपम और टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में भी योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रशासन ने सभी विभागों, संस्थानों, शैक्षणिक प्रतिष्ठानों, गैर–सरकारी संगठनों तथा आम जनता से द्वीपसमूह के निर्धारित स्थानों पर सामान्य योग प्रोटोकॉल के अभ्यास में शामिल होने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

जनजातीय आजीविका विकास के लिए एक ऐतिहासिक पहल के तहत, पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से कल 100 प्रतिशत सब्सिडी योजना के अंतर्गत स्ट्रेट आइलैंड में रहने वाले ग्रेट अंडमानी जनजाति के 25 परिवारों को 2–2 बकरियां वितरित की गई। विभाग ने 'विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह' के लिए इस तरह का एक व्यापक सब्सिडी–आधारित बकरी वितरण कार्यक्रम शुरू और लागू किया है। इस पहल का उद्देश्य जनजातीय समुदायों के बीच आजीविका के अवसरों को मजबूत करना, पोषण सुरक्षा में सुधार करना और बकरी पालन को एक टिकाऊ व लाभदायक गतिविधि के रूप में बढ़ावा देना है। पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग विभिन्न पशुधन और कुक्कुट विकास कार्यक्रमों के माध्यम से जनजातीय समुदायों के सामाजिक–आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए दो वर्षीय बी.एड. और चार वर्षीय यूजी.एड. कार्यक्रमों में विभिन्न विषयों में अतिथि प्रवक्ताओं का एक पैनल तैयार किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कॉलेज की वेबसाइट के अलावा सूचना पट्ट पर भी उपलब्ध है। इच्छुक उम्मीदवार आवेदन आवश्यक दस्तावेजों के साथ 3 जुलाई, तक कॉलेज के प्राचार्य के पते पर जमा कर सकते हैं। सभी मूल प्रमाणपत्रों का सत्यापन 7 से 10 जुलाई के बीच सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा।

<><><><><><><>

नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर, समाज कल्याण निदेशालय की ओर से पूरे द्वीपसमूह में 'नशा मुक्त भारत अभियान – विकसित भारत की पहचान' अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की जा रही है।

इसके तहत विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान प्रतिभागियों को शराब और नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों, रोकथाम और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कोलकाता से कॉमन योग प्रोटोकॉल में देश का नेतृत्व करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाया है। द्वीप समाचार ने केन्द्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के द्वीपसूमह दौरे के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इस खबर के अलावा अखबार ने प्रधानमंत्री द्वारा कल पीएम–किसान योजना की 23वीं किस्त जारी करने के समाचार को भी प्रमुखता दी है। अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेज़ी ने प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रचार समिति के अध्यक्ष द्वारा जी बी पंत अस्तपाल में जल्द कार्डियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की मांग करने के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है। इंफो इंडिया ने खेत बचाओ अभियान और स्पाइंस प्रवाह 2.0 के तहत टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने, जबकि द इको ऑफ इंडिया ने रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए पीएम विकसित भारत रोजगार योजना के तहत नियोक्ताओं को मिलने वाले लाभ के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>